बंद पड़ी खान में कपड़े की गांठ में बंधा हुआ महिला का शव मिला

शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो चुका था चेहरा पूर्ण रूप से बिगड़ा हुआ था

- खान में तैर रही कपड़े की गांठ को बाहर निकालकर खोला तो गांठ में महिला का शव मिला
- शव से उठती दुर्गन्ध व कीड़े-मकोड़े के आधार पर महिला का शव लगभग बीस दिन से एक महिना पुराना होने का अंदेशा जताया जा रहा है

मालपुरा, (निसं)। मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के लाम्बाहरिसिंह थानान्तर्गत नयागांव जाटान से कांटोली मार्ग पर बंद पड़ी ग्रेनाईट की खान में शुक्रवार की रात एक कपड़े की गांठ मे लिपटा एक महिला का सड़ा गला शव तैरता मिला। शव को पुलिस सुरक्षा मे ले डीवाईएसपी आशीष प्रजापत की उपस्थिति में एफएसएल व मोबाइल इन्वेस्टिगेशन टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाये।

थाना पुलिस से मिली जानकारी में बताया कि शुक्रवार की देर शाम को जरिये दूरभाष के सूचना मिली कि नयागांव जाटान के पास आबादी से लगभग दो किलोमिटर दूर बंद पड़ी ग्रेनाईट की खान में एक कपड़े की गांठ पानी में तैर रही है तथा दूर-दूर तक सडांध फैली हुई है। सूचना मिलने पर लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस व पुलिस वृत्ताधिकारी आशीष प्रजापत पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत कर खान में तैर रही कपड़े की गांठ को बाहर निकालकर खोला तो गांठ में महिला का शव मिला। शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। चेहरा पूर्णरूप से बिगड़ गया। जलीय जन्तुओं ने शव को क्षत-विक्षत कर दिया। जिससे शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। शव से उठती दुर्गन्ध व कीड़े-मकोड़े के आधार पर महिला का शव लगभग बीस दिन से एक महिना पुराना होने का अंदेशा जताया जा रहा है। खान से बाहर निकालते ही शव से उठती दुर्गन्ध और तेज फैल गई तो लोगों का सांस लेना तक भी दुभर हो गया।

पुलिस वृत्ताधिकारी व जवानों ने मानवीयता का फर्ज निभाते हुये शव को सुरक्षा में ले मालपुरा जिला अस्पताल की मोर्चरी में बर्फ की सिल्लियों के सहारे सुरक्षित रखवाया। मौके पर पहुंचे एफएसएल व एमओयू टीम ने सौ मीटर की परिधि से साक्ष्य जुटाये। शनिवार को भी अधिकारियों ने खान के आसपास सर्च अभियान चलाया। प्रशासन ने शव के हुलिये सहित शरीर पर मिले कपड़े व अन्य जानकारियों को मीडिया के माध्यम से पब्लिस कर शव की पहचान का प्रयास जारी रखा।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग से लाखों का नुकसान

बालापुरा गांव में लगी आग को ग्रामीणों की मदद से बुझाया।

- तीन दमकलों से आग पर पाया काबू

मालपुरा, (निसं)। टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के बालापुरा गांव में शनिवार की दोपहर को शॉर्ट सर्किट से लगी आग से आधा दर्जन बाड़ों में रखा चारा, ईंधन व अन्य सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर बालापुरा गांव में लगे टावर के तार ग्रामीणों के बाड़ों के उपर से होकर गुजर रहे थे। तेज हवा से हुये शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी बाड़े में रखे चारे के ढेर पर गिर जाने से धनराज धाकड़ सहित आधा दर्जन बाड़ों में फैल गई। तेज हवा चलने से आग देखते ही देखते विकराल हो गई। जिसमे एक के बाद एक बाड़ों को चपेट में ले लिया। भीषण आग की मिली सूचना पर जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के आदेशों पर टोंक, मालपुरा व टोडारायसिंह मुख्यालय से पहुंची तीनों दमकलों व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने भी दमकलों के साथ स्वंय के पानी के टैंकर लगा आग बुझाने का पूरा प्रयास किया। भीषण आग से लाखों रूपयों का नुकसान होने व मवेशियों के सामने चारा का संकट आ जाने से पीड़ितों की आंखें नम हो गई। ग्रामीणों ने मंत्री व क्षैत्रिय विधायक चौधरी से पीड़ितों को आर्थिक सहायता व नुकसान का मुआवजा दिलवाने की मांग की। मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग के अधिकारियो ने आग से हुये नुकसान का आकलन शुरू किया।

वृद्ध की हत्या के मामले में आरोपियों को कोर्ट ने दोष मुक्त किया

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र के गठीला गांव के निकट खेत पर करीब नौ वर्ष पूर्व दीवार निर्माण का कार्य कर रहे वृद्ध चम्पालाल (60) पुत्र गगांराम कुमावत निवासी गठीला की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपर्द करके हत्या का मामला दर्ज कर एक महिला सहित छह आरोपितों को गिरफ्तार किया था। शनिवार को अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गंगापुर अनिता टेलर ने आरोपी दशरथ पुत्र गणपत विशनोई, ओमप्रकाश विशनोई, टिकमचंद विशनोई, गोविंद विशनोई को संदेह का लाभ देकर दोष मुक्त कर दिया। हत्या के मुख्य आरोपित दशरथ विशनोई की न्यायलय में पेरवी अधिवक्ता सुनिल कुमार जैन के द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार 19 मई 2016 को गठीला गांव के निकट खेत पर दीवार निर्माण का कार्य कर रहे वृद्ध की चाकू से गला रेत करके व शरीर पर 10 जगह चाकुओं से वार करके हत्या कर दी और मामले को लूट का रूप देने के लिए रक्तरंजीत शव को मुख्य राजमार्ग के निकट डालकर आरोपी भाग छूटे। सात बजे हुई घटना की खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गई और गांव में सन्नाटा छा गया, वृद्ध की हत्या से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। चम्पालाल (60) पुत्र गगांराम कुमावत निवासी गठीला अपने खेत पर दीवार का निर्माण कार्य कर रहा था। निर्माण कार्य में उसका लड़का नारायण व श्रमिक भी कार्य कर रहे थे। सांय छह बजे लड़का खाना बनाने के लिए घर रवाना हो गया और श्रमिक भी छुट्टी करके चले गए। पिछे से चम्पालाल कुमावत अकेला रहा गया जिसे अज्ञात हत्यारों ने चाकुओं से गला रेत दिया, पेट व पीठ पर चाकूओं के ताबड़तोड वार किए जिससे वृद्ध चम्पालाल की मौके पर ही मौत हो गई। हत्यारों ने हत्या वा लूट का रूप देने के लिए खेत से शव को उठा करके मुख्य राजमार्ग के निकट डाल दिया ताकि मामला लूट व हत्या का लगे। मौके पर एफएसएल की टीम व फिंगर प्रिंट के विशेषज्ञों को बुलाकर सबूत एकत्रित किए गए। पुलिस ने हत्या के आरोप में छह आरोपितों को गिरफ्तार किया था।

अवैध शराब बरामद

श्रीगंगानगर, (निसं)। आबकारी पुलिस ने एक गाड़ी में भरी हुई 14 पेटी बीयर व करीब साढ़े तीन पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। आबकारी निरीक्षक (ग्रामीण) फतेह सिंह ने बताया कि पुरानी आबादी क्षेत्र से शराब जब्त हुई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बार संचालक संदीप अरोड़ा के खिलाफ आबकारी थाना में केस दर्ज किया गया है। संदीप अरोड़ा पुरानी आबादी क्षेत्र में एक होटल और बार का संचालक है। ऐसी सूचना है कि उनके नाम एक शराब ठेका भी चल रहा है लेकिन इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो पाएगी। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शराब के ठेकेदारों ने अवैध तरीके से शराब ले जाए जाने की सूचना दी थी।

सीवर लाइन खोदते समय गैस की पाइप लाइन लीक, आग लगी

- आग लगने की सूचना पर गेल गैस लिमिटेड के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, आग पर काबू पाया

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में कोतवाली थाना क्षेत्र के मुखर्जी नगर में बड़ा हादसा होने से बच गया। मुखर्जी नगर में सीवर लाइन डालने के लिए खुदाई की जा रही है। सीवर लाइन के लिए खुदाई करते समय घरेलू गैस की पाइप लाइन लीक हो गई और उसमें आग लग गई। आग लगने की सूचना गेल गैस लिमिटेड को दी गई जिस पर गेल गैस के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

गेल के वरिष्ठ अभियंता अभय अग्रवाल ने बताया कि मुखर्जी नगर में सीवर लाइन का काम चल रहा था। सीवर लाइन के लिए खुदाई की जा रही थी। यहां से घरेलू गैस की 125 की लाइन थी जो घरों में जा रही है। प्राकृतिक ज्वलनशील गैस है। हमने अपने आदमी को यहां पहले से ही लगा रखा था। इससे पहले भी कई बार सीवर लाइन डालते समय हमारी लाइन को नुकसान पहुंचाया था।

आज भी सीवर लाइन को खोदते समय लाइन लीक हो गई और उसमें आग लग गई। तुरंत हमारे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और वॉल को बंद किया और आग पर काबू पाया गया। जो भी लीक हुआ था उसको बंद किया गया। आग लगने के बाद गेल की फायर फाइटिंग टीम ने आग को तुरंत बुझा दिया। हमने 15 मिनट में ही स्थिति पर नियंत्रण कर लिया था।

20 लाख का क्लेम खारिज, परिवादी पर ही हर्जाना लगाया

जांच में ट्रक की चोरी साबित नहीं हुई थी, स्थाई लोक अदालत ने हर्जाना-जुर्माना दोनों लगाया

भरतपुर, (निसं)। अमूमन अनावश्यक रूप से क्लेम खारिज करने पर बीमा कंपनियों पर हर्जाना लगाया जाता है। इस बार गलत क्लेम करने पर स्थाई लोक अदालत ने उपभोक्ता पर हर्जाना लगाया है। साथ ही तय अवधि में हर्जाना नहीं चुकाने पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना भी लिए जाने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति ने ट्रक चोरी होना बताते हुए अदालत से क्लेम दिलाए जाने की प्रार्थना की थी। सुनवाई में सामने आया कि जांच में चोरी होना नहीं पाया गया। स्टेशन रोड स्थित बजरिया हाल कोटा निवासी अवधेश शर्मा ने ट्रक चोरी होना बताते हुए 20 लाख रुपए का क्लेम किया था। यूनाईटेड इंडिया बीमा कंपनी को घटना के 26 दिन बाद सूचना देने और एफआईआर कराने पर संदेह हुआ। कंपनी ने जांच कराई जिसमें सामने आया कि ट्रक चोरी नहीं हुआ था। इस पर कंपनी ने क्लेम खारिज कर दिया। ऐसे में बीमाधारक ने स्थाई लोक अदालत में अर्जी लगाई। तलब किए जाने पर कंपनी ने अपने अधिवक्ता प्रमोद कुमार शर्मा के माध्यम से अपना पक्ष रखा। अध्यक्ष गंभीर सिंह और सदस्य योगेश कुमार शर्मा ने मामले पर निर्णय किया। उन्होंने अर्जी को खारिज कर दिया। साथ ही प्रार्थी पर पांच हजार रुपए का हर्जाना लगाया। यह रकम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा करानी होगी। दो महीने में हर्जाना नहीं जमा कराने पर 100 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना वसूलने का भी आदेश दिया है।

शराब पीने से टोका तो मां-बेटे को पीटा, महिला की मौत

- शराबी युवकों की तलाश कर रही है पुलिस

बीकानेर, (निसं)। यहां अशोक नगर में महिला की हत्या के मामले में पुलिस जल्द खुलासा कर सकती है, जिस घर में मारपीट हुई उसके पास ही कुछ लोग शराब पी रहे थे। उन्हें टोकने के बाद महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट की गई। घायल महिला ने पीबीएम हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अब पुलिस शराबी युवकों की तलाश कर रही है।

सीओ सदर प्रशिक्षु आईपीएस विशाल जांगिड़ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि कुछ लोग घर के आगे शराब पी रहे थे। उन लोगों को लक्ष्मी और उनके बेटे ने वहां शराब पीने से टोका था। जिसके बाद ये लोग घर में घुस गए और मारपीट की। नशे में इतनी पिटाई कर दी कि महिला गंभीर घायल हो गई और मौत हो गई। पुलिस ने जिन लोगों को चिह्नित किया है, उनको हिरासत में लेने के लिए दबिश दी जा रही है।

अब तक पुलिस ने किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। हिरासत में भी नहीं लिया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में कुछ युवकों की धरपकड़ हो सकती है। मृतका के बेटे की निशानदेही पर जल्द ही पुलिस गिरफ्तारी कर सकती है। पुलिस जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

आग लगने से चारा व सामान जला

सरवाड़, (निसं)। विद्युत विभाग के पीछे की और बाड़े में भीषण आग लग जाने से बाड़े में रखा चारा व सामान जल कर नष्ट हो गया वहीं आग लगने से हवा ने आग को और फैला दिया। वहीं आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों ने पानी की बाल्टी व मोटर से आग पर काबू पाया, मगर सफल नहीं हो सके।

जब इसकी सूचना आसपास के लोगों को मिली तो काफी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई वहीं मौके पर ही दमकल कर्मियों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। वहीं तेज हवाओं के चलते आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बड़ी मुश्किल से दमकल गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने से शहर की विद्युत सप्लाई बंद कर दी। वहीं विद्युत आपूर्ति चालू करने के लिए कर्मचारी ठीक करने में लगे हुए थे। वहीं शहर की विद्युत सप्लाई बंद होने से शहर साहित उपखंड क्षेत्र में भीषण गर्मी में लोगों का हाल बुरा रहा।

अवैध हथियार सहित एक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (निसं)। जिले में घमुड़वाली थाना पुलिस ने अवैध देसी पिस्तौल सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

घमुड़वाली थाना अधिकारी पृथ्वीराज बिश्नोई ने बताया कि गश्त के दौरान आरोपी को गिरफ्तार किया है। नहर के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिस पर घेराबंदी कर व्यक्ति को रोककर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम रतिराम पुत्र मामराज निवासी 54 एलएनपी बताया, जिस पर युवक की तलाशी ली तो युवक के कब्जे से 12 बोर का अवैध देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रात के अंधेरे में चोरी हुआ ट्रक, तीन महीने बाद मामला दर्ज

18 जनवरी को चोरी हुए ट्रक के संबंध में पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था

- 20 जनवरी को चूनावढ़ थाना में शिकायत दी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की थी

श्रीगंगानगर, (निसं)। बाइक चोरी की घटनाएं तो अक्सर सामने आती हैं, लेकिन चूनावढ़ थाना क्षेत्र में एक ढाबा का पास पास खड़ा ट्रक ही कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। खास बात यह है कि 18 जनवरी को चोरी हुए ट्रक के संबंध में पुलिस ने भी केस दर्ज नहीं किया। अब इस्तगासे के माध्यम से केस दर्ज हुआ।

पंजाब के फाजिल्का जिले के मम्मूखेड़ा निवासी सर्दुल सिंह ने इस्तगासे के माध्यम से दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 18 जनवरी की शाम को वह अपने ट्रक में सामान लोड करने के लिए सूरतगढ़ जा रहा था। शाम करीब सात बजे नेतेवाला में पंजाब ढाबा के नजदीक लॉक लगाकर ट्रक खड़ा कर दिया और अपने रिश्तेदार के पास 1 सी छोटी गांव चला गया। रात को धुंध के कारण वापस नहीं लौट पाया। सुबह आकर देखा तो ट्रक गायब था। सर्दुल सिंह के मुताबिक आस पड़ोस में पता करने पर ट्रक के बारे में जानकारी नहीं मिली। इससे अंदाजा हुआ कि रात के समय कोई अज्ञात व्यक्ति ट्रक चोरी करके ले गया। सर्दुल सिंह ने बताया कि 20 जनवरी को चूनावढ़ थाना में शिकायत दी लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अब इस्तगासा के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। चूनावढ़ थाना में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल मनोहरलाल को सौंपी गई है।

ठगों द्वारा ठगी गई राशि पीड़ितों के खाते में रिफंड करवाई

कोटा, (निसं)। बोरखेडा पुलिस सायबर हेल्प डेस्क की टीम ने तीन अलग-अलग सायबर ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए सायबर ठगो द्वारा ठगी गई राशि में से 59 हजार 669 रूपयों की राशि को पीड़ितों के खातों में रिफंड करवाने की कार्रवाई की गई।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते सायबर क्राईम की घटनाओं को देखते हुए इनकी रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सायबर फ्रोड की घटनाओं की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ एवं सायबर ठगों द्वारा ठगी गई राशि को पीड़ितों के खातों मे रिफंड करवाने के लिये प्रत्येक थाना स्तर पर सायबर हेल्प डेस्क की टीम को निर्देशित किया गया है। शहर एसपी ने बताया कि सायबर ठगों द्वारा ठगी के तीन अलग-अलग घटनाक्रम सामने आये। जिस पर मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपअधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के सुपरविजन में बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज के नेतृत्व में सायबर हेल्प डेस्क की टीम को ठगी गई राशि को होल्ड करवाने व पीड़ितों के खातों में रिफंड करवाने के लिये निर्देश दिये गये।

शहर एसपी ने बताया कि बोरखेड़ा सायबर हेल्प डेस्क के कांस्टेबल प्रदीप सिंह व कांस्टेबल मुरारीलाल द्वारा सायबर पोर्टल के माध्यम से पीड़ितों के खातों से ठगी गई राशि को होल्ड करने हेतु सबंधित बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर राशि को होल्ड करवाया एवं विधिवत कानूनी प्रकिया के बाद अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर तीनो परिवादियों के खातों से ठगी गई राशि में से कुल 59 हजार 669 रूपयों को पीड़ितों के खातों में रिफंड करवाया।

शहर एसपी ने बताया कि सायबर ठगों द्वारा अलग-अलग तरीकों से पीड़ितों से सायबर ठगी के तीन मामले सामने आये। शहर एसपी ने बताया कि अशोक विहार बोरखेड़ा निवासी लेखराज मीणा के साथ किसी ने परिचित बनकर व फर्जी राशि क्रेडिट के मैसेज भेजकर भरोसे में लेकर 12000 की ठगी की। जिसकी परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई। शहर एसपी ने बताया कि दूसरा मामला बजरंग नगर इलाके का है जहां परिवादीया वंदना वनवानी के साथ अज्ञात शातिर सायबर ठग ने फोन करके कहा कि आपके पिता का मिलने वाला हूं व आपके खाते में 12 हजार रूपये की रकम जमा कराने के लिये कहा था जिस पर उसने फर्जी 30 हजार का क्रेडिट मेसेज भेजकर कहा कि आपके खाते में गलती से 30 हजार रूपये डाल दिये हैं। आप 18 हजार रूपये वापस कर दो जिस पर परिवादीया सायबर ठग की बातों में आ गई और उसने 18 हजार रूपये वापस किये, जिसकी शिकायत परिवादीया ने सायबर पर दर्ज कराई। शहर एसपी ने बताया कि तीसरा मामला प्रताप नगर बोरखेड़ा का है। परिवादीया सुमन मीणा ने शिकायत में कहा कि मोबाइल पर फैसबुक व इंस्टाग्राम पर दोस्त बनकर व उनकी बेटी को बातों में उलझाकर अलग-अलग बार में 31700 की ठगी को अंजाम दिया था। जिसकी शिकायत परिवादीया ने दर्ज कराई थी।

जेईई मेन में 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने वाले सर्वाधिक सात अभ्यर्थी राजस्थान ने दिए

कोटा, (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम मेन 2025 का परिणाम शुक्रवार देर रात नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जारी कर दिया। इस परीक्षा का आयोजन जनवरी और अप्रैल दो सेशन में हुआ था। इस बार 15,39,848 यूनिक कैंडिडेट्स ने आवेदन किया था, जिनमें से 14,75,103 ने परीक्षा दी। साथ ही जेईई एडवांस 2025 के लिए कट-ऑफ भी जारी की गई है, जिसमें 2,50,236 अभ्यर्थी क्वालीफाई हुए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अप्रैल सेशन की फाइनल आंसर-की भी आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड कर दी है। कैंडिडेट्स अपने परिणाम और दोनों सेशंस के संयुक्त परसेंटाइल स्कोर वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने वाले 24 कैंडिडेट्स में राजस्थान से सर्वाधिक 7 अभ्यर्थी शामिल हैं।

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा के अनुसार, राजस्थान में टॉपर्स की संख्या बढ़ने में कोटा कोचिंग हब का बड़ा योगदान है। राजस्थान के बाद महाराष्ट्र, उत्तर-प्रदेश और तेलंगाना से तीन-तीन टॉपर हैं। दिल्ली, गुजरात और पश्चिम बंगाल से दो-दो तथा कर्नाटक व आंध्रप्रदेश से एक-एक टॉपर सामने आए हैं। राजस्थान से ओमप्रकाश बेहरा, सक्षम जिंदल, अर्णव सिंह, रजित गुप्ता, मोहम्मद अनस, लक्ष्य शर्मा, आयूष सिंघल है।

आंध प्रदेश से साई मनोग्ना गुथिकोंडा दिल्ली से दक्ष हर्ष झा, गुजरात से शिवेन विकास तोषनीवाल, अदित प्रकाश बागडे, कर्नाटक से कुशाग्र गुप्ता, महाराष्ट्र से आयुष रवि चौधरी, सानिध्य सराफ, विषाद जैन, तेलंगाना से वंगला अजय रेड्डी, बानी ब्रता माझी, हर्ष ए. गुप्ता, उत्तर प्रदेश से श्रेया लोहिया, कुशाग्र बैंगाहा, सौरभ, पश्चिम बंगाल से देवदत्ता मांझी, अर्चिसमान नंदी नए 100 परसेंटाइल स्कोर अर्जित किया है। एनटीए ने स्टेट टॉपर्स की सूची भी जारी की है।

निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि कुल 53 कैंडिडेट्स को स्टेट टॉपर घोषित किया गया है जिनमें 24 कैंडिडेट्स को 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने के चलते स्टेट टॉपर भी माना गया है। ये 24 टॉपर्स 9 राज्यों से हैं। वहीं 28 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश ऐसे भी रहे जहां से कोई स्टेट टॉपर सामने नहीं आया जैसे अंडमान निकोबार, बिहार, केरल, मध्यप्रदेश, तमिलनाडु आदि भारत से बाहर परीक्षा देने वाले कैंडिडेट्स में भी कोई स्टेट टॉपर नहीं बन पाया। 100 पर्सेंटाइल लाने वालों में दो छात्राएं भी शामिल हैं। पश्चिम बंगाल की देवदत्ता माझी और आंध्रप्रदेश की साई मनोग्ना गुथिकोंडा कैटेगरी वाईज देखा जाए तो जनरल कैटेगरी से 21, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और एससी कैटेगरी से 1-1 टॉपर हैं जबकि फीमेल कैटेगरी से 2 छात्राएं 100 पर्सेंटाइल स्कोर करने में सफल रही हैं।

यातना देने वाले फैक्टरी संचालक सहित चार आरोपी गिरफ्तार

- खपराभट्ठा में मजदूरों की पिटाई का मामला

आसीन्द, (निसं)। नगर के खपराभट्टा इलाके में अवैध रूप से संचालित की जा रही आइसक्रीम फैक्टरी के संचालक ने एडवांस रकम मांगे जाने की बात को लेकर दो मजदूरों से क्रूरता की। किसी तरह भागकर वे भीलवाड़ा पहुंचे और पुलिस से संपर्क किया तो सुनवाई नहीं हुई, उल्टे वहां भी ठेकेदार के लोगों ने मारपीट की। किसी की सलाह पर भीलवाड़ा एसपी से मुलाकात होने और मारपीट का वीडियो देखने के बाद फौरन संज्ञान लिया गया। जीरो एफआईआर करने के बाद डायरी ऑनलाइन कोरबा भेजी गई। सिविल लाइन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि खपराभट्टा क्षेत्र में अमानवीय घटना के शिकार हुए अभिषेक भांबी और विनोद भांबी अनुसूचित जाति से वास्ता रखते हैं। ये दोनों राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के निवासी हैं। कुछ समय पहले एक व्यक्ति ने उन्हें आइसक्रीम फैक्टरी में काम कराने के लिए कोरबा लाया गया था। काम करने के बाद वेतन देने की बारी आई तो आनाकानी शुरू हो गई। युवकों ने अग्रिम राशि की मांग की तो बदले में उन्हें यातना दी गई। प्लायर से नाखून निकालने की कोशिश की गई और करंट भी लगाया गया। किसी तरह आक्रांताओं से छूटकर युवक कोरबा से भागे और राजस्थान पहुंचे। उन्होंने वहां की पुलिस को इस बारे में कहानी बताई। दावा किया जा रहा है कि दूसरे क्षेत्रों की तरह राजस्थान पुलिस ने भी सेटिंग के लिए दबाव डाला। अच्छी बात यह रही कि किसी जानकार व्यक्ति के संपर्क में पीड़ित आए तो एसपी भीलवाड़ा तक मामला भिजवाया गया।

उन्होंने मारपीट के वीडियो को अपने ट्वीटर एकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी साझा की। इसके साथ ही पुलिस को शून्य पर मामला दर्ज करते हुए इसकी कापी ऑनलाइन माध्यम से कोरबा पुलिस को भिजवाई। आखिरकार यहां सिविल लाइन पुलिस ने मारपीट करने वाले फैक्टरी संचालक के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। कोरबा सीएसपी भूषण ने बताया कि सिविल लाइन थाना में एक्ट्रोसिटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। पीड़ित युवकों का मुलाहिजा (चिकित्सकीय परीक्षण) कराया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भीलवाड़ा पुलिस कोरबा आ रही है। वहीं सिविल लाइन थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना ने बताया कि चार संदेही को हमने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार इस घटना का वीडियो हाल में ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ जिसमें खपराभट्टा इलाके में युवकों से बुरी तरह से मारपीट करने और यातना देने की तस्वीरें आम हुई। पीड़ित युवक जान की गुहार लगा रहे हैं और आरोपी उन्हें धमकी दे रहे हैं, बार-बार युवक हाथ जोड़ रहे थे छोड़ दो। छोड़ दो की गुहार लगा रहे थे लेकिन उनके साथ किसी तरह की मानवता नहीं दिखाई गई। अब जब पुलिस ने मामला दर्ज किया है और भीलवाड़ा एसपी की सख्ती के बाद वहां की पुलिस अगली कार्यवाही के लिए कोरबा आ रही है।

दो सफाईकर्मियों की मौत

अलवर, (निसं)। जिले के खेरली क्षेत्र स्थित नवकार वाटिका सोसायटी में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसा हो गया। सीवरेज की सफाई के दौरान दो सफाईकर्मियों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान लच्छी पुत्र मंगतु और आकाश उर्फ हेमराज निवासी खेडली के रूप में हुई है। हादसे के बाद परिजन और वाल्मीकि समाज के लोग भारी संख्या में हॉस्पिटल में एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और एक-एक सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए खेड़ली कठूमर थाने की पुलिस मौके पर मौजूद है, साथ ही खेड़ली भनोखर के नायब तहसीलदार भी स्थिति का जायज़ा लेने पहुंचे हैं। सोसायटी में सीवरेज सफाई की व्यवस्था और सुरक्षा उपायों को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं।